तापमान
अधिकतम 42 .8 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, अप्रैल 11, 2025

11 कुराड़ में खुला मिला प्राइवेट स्कूल, डीईओ ने बंद करवाया

12 ठेका सफाई कर्मचारियों ने विधायक से लगाई गुहार

खबर संक्षेप

जरूरतमंद की शादी में दिया सहयोग

सोनीपत। जरूरतमंद कन्या की शादी में सहायता इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने वीरवार को सपेरा बस्ती की जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आवश्यक सामग्री 15 जोड़े कपड़े, 51 बर्तन प्रेशर कुकर, मिक्सी, 2 कंबल, बैडशीट्स, गद्दे, 2 फोल्डिंग बेड, ज्वैलरी सैटर, राशन, मशीन, पंखा और 7500 रुपये नगद धन राशि प्रदान की। उपप्रधान उषा भंडारी ने बताया कि इस कार्य में अमरीका के डॉ. नरेश कपूर ने विशेष तौर पर सहयोग दिया। इस अवसर पर क्लब प्रधान नीतू दहिया के साथ मंजू छिक्कारा, स्नेह लता, निर्मला शर्मा, इंदु भौरिया, आराधना रंजू, रोशनी हूडा, सुमन, संतोष अरोड़ा, हरीश जौहर आदि मौजूद रहे।

फोटो 10 एसएनपी 4. जरूरतमंद को सामान भेंट करते हुए क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

भीमराव अंबेडकर चौक में रक्तदान शिविर 13 को

गोहाना। जनता महादलित संघ द्वारा 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर गोहाना में डॉ. अंबेडकर चौक में आयोजित होगा। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री विशम्भर वाल्मीकि, जनता महादलित संघ के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार पिवाल और संघ की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमारी होंगे। शिविर की अध्यक्षता डॉ. बिजेंद्र खिच्ची और संयोजन मंतर पहलवान करेंगे। आयोजक समिति में महावीर सभरवाल, बीना सभरवाल, ओमप्रकाश, कृष्ण बड़ौता, संदीप तुषामड़ व सतीश उरलाना शामिल रहेंगे।

बेगा रोड पर मेडिकल स्टोर में चोरी

गन्नौर। बेगा रोड पर बुधवार रात चोरों ने माही मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। मेडिकल स्टोर संचालक योगेंद्र, निवासी मिमारपुर ने बताया कि वह रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो भीतर का सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले से 10 हजार रुपये नकद, इनवर्टर-बैटरी और कुछ दवाइयां गायब थीं। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर ले गए। योगेंद्र ने इसकी शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जल्द ही चोरों का पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

सोनीपत। शहर थाना सोनीपत पुलिस ने प्ला से हुक्का चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभय व मनोज उर्फ तोतला निवासी तारा नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सेक्टर-23 निवासी पवन ने बताया कि उसके घर से तीन प्लॉट छोड़कर एक दूसरा प्लॉट है। जहां उसके अंदर हुक्का रखा है। जिसकी कीमत करीब 12 हजार रुपये है। उसने प्लॉट पर जाकर देखा तो हुक्का गायब मिला। पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी की जांच की तो दो लड़के ई-रिक्शा में हुक्का लेकर जो हुए दिखाई दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सहायक उप निरीक्षक मनोज की टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

खंभे से टूटा तार, 11 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

- गांव हरसाना में तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे से टूटा तार
- किसानों ने प्रशासन से मुआवजा राशि देने की अपील की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गांव हरसाना में तेज हवाओं के चलते बिजली के पोल से तार टूट गया। तार टूटने से उड़ी चिंगारी 11 एकड़ में गेहूं की फसल में जा गिरी। देखते ही देखते चिंगारी ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं देर शाम को हुई बारिश किसानों के लिए वरदान भी साबित हुई। किसान आग पर काबू पाने में सफल रहे। गांव हरसाना निवासी सुमित, अशोक, टीनू, मोहित, कुलदीप, मुकेश, जितेंद्र वेदपाल ने बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम को तेज हवाएं चलने लगी। जिसके चलते बिजली के पोल से तार टूट कर चिंगारी निकलने लगी। चिंगारी के चलते गेहूं की फसल में आग लग गई।

सोनीपत। पोल से टूटा बिजली का तार, खेत में लगी आग के चलते राख हुई फसल, मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी।

बारिश ने दी राहत

आग में ग्रामीणों की 11 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। कुछ ही देर बाद आई बारिश किसानों के लिए संजीवनी बन गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया। वहीं बारिश के चलते आग बाकि खेतों में खड़ी फसल तक नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने की अपील है। किसानों का कहना है कि बिजली निगम की तरफ से क्षेत्र में बिजली के पोल पर ढीले तार छोड़ रखे है। जिसके चलते तेज हवाएं चलने के कारण आपस में भीड़ जाते है। उनसे निकली चिंगारी किसान की फसल को जलाकर तबाह कर देती है। जिसका नुकसान किसान को चुकाना पड़ रहा है।

ससुराल से दोस्त के साथ लौटते समय हादसा, एक की जान गई

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को उपचार के बाद घर भेज दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

गांव खेवड़ा निवासी विजय ने बताया कि वह घरों में साफ-सफाई का काम करता है। गत 9 अप्रैल को वह अपनी बाइक पर अपने दोस्त दीपू के साथ बाइक पर सवार उसकी ससुराल गांव मनौली गए थे। जब दोनों वापस लौट रहे थे तो गांव जाखौली के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दीपू (25) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल विजय को अस्पताल में पहुंचाया गया।

शव परिजनों को सौंपा

पुलिस ने दीपू के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

मंडी में समय पर उठान न होने से किसान परेशान, खुले में पड़ा गेहूं

धूल भरी आंधी के साथ रुक-रुककर हुई बरसात, मंडी से लेकर खेत तक भीगा गेहूं, किसानों की टेंशन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में वीरवार दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ की वजह से धूल भरी आंधी और हल्की बारिश हुई। बारिश ने एक मंडियों में किसानों के सोना को भिगो दिया और साथ ही मंडी में व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मंडियों में किसानों का गेहूं खुले में पड़ा रहा, जिसे ढकने तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। कुछ देर की वर्षा ने गेहूं को गीला कर दिया। किसान के खेत से लेकर मंडी में लाई गई गेहूं की फसल को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। एजेंसी की तरफ से खरीद की हुई गेहूं की खरीद को बोरियों भी भीग गई। जिसकी वजह से किसानों को नुकसान झेलना पड़ा है। मंडी के साथ खेत में गेहूं की फसल में नमी का सामना किसानों को करना पड़ेगा। देर शाम तक तेज हवाएं व रूक रूककर बूंदाबांदी होती रही। अधिकारी किसानों को फसल सुखाकर लाने को तरजीह दे रहे हैं, वहीं मंडियों में गेहूं को भीगने से बचाने तक के पर्याप्त संसाधन नहीं है।

जिले में 1.45 लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बुआई की गई है। किसान गेहूं की कटाई व कढ़ाई में जुटे हुए हैं। वीरवार को सुबह से ही तेज धूप खिली रही, शाम को अचानक मौसम बदला और आसमान काले बादलों से घिर आया। धूल भरी आंधी के साथ वर्षा शुरू हो गई। कुछ देर की वर्षा से दो दिनों तक कटाई व कढ़ाई का काम प्रभावित रहेगा। वहीं मंडियों में गेहूं गीला होने से अब उससे सुखाने की जद्दोजहद करनी पड़ेगी। मौसम साफ होने के बाद ही गेहूं सुखाने, कटाई व कढ़ाई का काम किया जा सकेगा।

सोनीपत। किसानों का गेहूं खुले में पड़ा रहा, जिसे ढकने तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, बारिश से भीगी बोरियां।

सोनीपत। रेलवे रोड पर तेज आंधी के चलते टूटकर गिरी पेड़ की टहनी।

कटाई कढ़ाई प्रभावित

बृहस्पतिवार देर शाम से लेकर रात तक रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी के कारण फसलों की कटाई व कढ़ाई में जुटे किसानों की टेंशन बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को वातावरण में नमी और उमस बढ़ने से गेहूं की मशीनों से कटाई की प्रक्रिया प्रभावित रही। जिन किसानों ने हाथों से कटाई की थी, उनका गेहूं भी खेत में भीग गया। जिसके कारण कढ़ाई की प्रक्रिया प्रभावित रही। शहर के सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग स्थित नई अनाज मंडी में बारिश में खुले में पड़ा गेहूं भीग गया। किसानों कहना है कि मजबूरन उन्हें खुले में गेहूं की फसल को उतारना पड़ रहा है। शैड के नीचे एजेंसी की तरफ से खरीदा गया गेहूं बोरियों में रखा हुआ है।

15 अप्रैल तक रहेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर

ऊपरी वायुमंडल की जेट धाराएं दक्षिणावर्त होने की वजह से अप्रैल माह में बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे है। अब एक बार फिर से प्रेरित चक्रवातीय सर्कुलेशन उत्तरी राजस्थान पर बना हुआ है। जिसकी वजह से बृहस्पतिवार देर शाम को आसमान में काले बादल छाए गए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ का असर 15 अप्रैल तक रहेगा। इसके बाद 16 अप्रैल, 19 अप्रैल व 21 अप्रैल को भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान है। ऐसे में अप्रैल माह के अंत तक मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अप्रैल की शुरुआत से ही तापमान तेजी से बढ़ने लगा था। दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने से लोगों को दोपहर के समय गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा था। जिले में तापमान सामान्य से 6 डिग्री अधिक बना हुआ था।

उतार-चढ़ाव बना रहेगा

उत्तर भारत में गर्मी का असर देखने को मिलने लगा है। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। जिसके कारण बृहस्पतिवार देर शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई है। 15 अप्रैल तक तेज हवाओं के साथ बरसात के आसार बने रहेंगे। तापमान में उतार-चढ़ाव महीने के अंत तक बना रहेगा।

-प्रो. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ।

भीगा गेहूं बोरियों में डाल रहे

एजेंसी की तरफ से भीग गए गेहूं को बोरियों में डाला जा रहा है। मौजूदा समय में गेहूं भीग जाने के कारण उसका वजन भी बढ़ गया है। बाद में गेहूं के सूख जाने के बाद बोरियों में वजन को लेकर परेशानी सामने आयेगी।

अब तक 38 हजार 806 मीट्रिक टन गेहूं खरीद

सोनीपत। जिले की मंडियों में रबी सीजन के तहत जिले में गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। अब तक जिले में कुल 38 हजार 806 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसमें से 3625 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 2425 रुपये पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा 23 हजार 992 मीट्रिक टन , हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) की ओर से 10 हजार 692 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन (एचडब्ल्यूसी) के द्वारा 3875 मीट्रिक टन तथा भारतीय खाद्य निगम के द्वारा 247 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

4174.47 मीट्रिक टन सरसों खरीदी

सोनीपत। जिले में अब तक कुल 4174.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 3892.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन (एचडब्ल्यूसी) और खरखौदा व सोनीपत तथा हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) की ओर से गन्नौर तथा गोहाना की मण्डियों में सरसों खरीदी गई। उन्होंने बताया कि मण्डियों में खरीद की गई 4174.47 मीट्रिक टन सरसों खरीदी गई है।

पेपर जांच में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रयास

मार्किंग सेंटर पर बोर्ड सचिव उड़नदस्ते का छापा, 50 फीसदी स्टाफ नहीं मिला

- खरखौदा में अचानक पहुंची बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल की टीम
- छापेमारी के दौरान मिली अनियमितताएं
- लापरवाह परीक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने खरखौदा स्थित मार्किंग सेंटर पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान टीम को भारी अनियमितताएं मिली हैं। सर्वाधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि केंद्र पर तैनात लगभग 50 फीसदी स्टाफ नदारद पाया गया।

नदारद

34 परीक्षक ड्यूटी से गैर हाजिर

बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने अलग-अलग मार्किंग सेंटरों पर छापेमारी की। इस दौरान मूल्यांकन कार्य में जुटे परीक्षक अमले में हड़कंप मच गया। जांच में पाया गया कि कुल 34 परीक्षक अपनी ड्यूटी से गैर हाजिर थे। यह संख्या केंद्र पर मौजूद कुल स्टाफ का लगभग आधा है। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षकों की अनुपस्थिति मूल्यांकन प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल उठाती है। अब विभाग की ओर से लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है।

मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में केंद्र बनाए

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक का समय निर्धारित किया है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में परीक्षकों का गैर हाजिर मिलना कई सवाल खड़े करता है। बोर्ड द्वारा प्रदेश भर में 10 वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 78 और 12 वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 48 मार्किंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। ऐसे में, यदि एक केंद्र पर भी इस प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो अन्य केंद्रों पर भी लापरवाही की आशंका पैदा करती है।

सख्त कार्रवाई करने की तैयारी

बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के इस औचक निरीक्षण और उसमें पाई गई भारी अनियमितताओं के बाद बोर्ड प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की बात कही है। विभाग द्वारा ऐसे शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षकों का बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहना मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता और समयबद्धता को प्रभावित कर सकता है। बोर्ड ऐसी लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

यह है नियम सुबह 9 से 4 बजे तक चेकिंग

मार्किंग के लिए ड्यूटी का टाइम 9 बजे से 4 बजे का रखा गया है। एक टीचर को 30 कॉपी चेक करनी होती हैं। वैसे संख्या कम या ज्यादा भी हो सकती है। लेकिन कोई भी शिक्षक स्कूल छोड़कर नहीं जा सकता। 2 से 3 घंटे में 30 कॉपी चेक करना गलत है। स्कूल की तनख्वाह के अलावा मार्किंग के लिए 20 से 22 रुपए प्रति कॉपी के हिसाब से किया जाता है भुगतान।

तीन युवकों को अवैध हथियार सहित पकड़ा

खरखौदा। पुलिस ने तीन युवकों को अवैध हथियार सहित अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर खरखौदा के रोहतक रोड बाईपास पर सवारी के इंतजार में खड़े एक युवक को हथियार सहित काबू किया गया है। गिरफ्तार युवक गगन उर्फ गग्गी खुराना वासी वार्ड नम्बर 4 गांधी नगर नजदीक मातू राम कम्यूनिटी सैन्टर रोहतक बतलाया गया है। गगन के पास से एक पिस्तौल देशी 315 बोर व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। दूसरे मामले में अनुज वासी रिढ़ाऊ थाना खरखौदा को गिरफ्तार किया गया है। अनुज को गांव फरमाणा –सिसाना रोड पर रिढ़ाऊ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक से एक पिस्तौल देशी 32 बोर बरामद हुआ। तीसरे मामले में पुलिस ने खरखौदा बाईपास सोनीपत रोड फ्लाई ओवर के पास सर्विस रोड से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम रवि कुमार गांव असावरपुर (जिला सोनीपत) का रहने वाला है। रवि के पास से एक पिस्तौल देशी 315 बोर व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। गिरफ्तार तीनों युवक हथियार रखने का कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सके।

पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कम करवाने किया प्रदर्शन

गोहाना। प्रदर्शन करते जन संघर्ष मंच के प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जन संघर्ष मंच ने गुरुवार को शहर में प्रदर्शन करके पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कम करने की मांग की। प्रदर्शन में संगठन ने केंद्र सरकार और तेल कंपनियों का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व मंच की प्रदेश इकाई के मुख्य सलाहकार डॉ. सीडी शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल के दाम पिछले 4 सालों के न्यूनतम स्तर पर हैं। इसी साल के जनवरी महीने से कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से गिरकर 60 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। अब कच्चे तेल की कीमत लगभग 33 रुपये प्रति लीटर है। शोधन व परिवहन खर्च तथा विपणन कंपनियों का कमीशन जोडक़र यह लागत 37 रुपये प्रति लीटर बनती है। रसोई गैस कच्चे तेल का ही उत्पाद है। डॉ. शर्मा ने खुलासा किया कि हाल में सरकारें पेट्रोल पर लगभग 180 प्रतिशत व डीजल पर 150 प्रतिशत कर वसूल रही हैं। पिछले दशक में सरकारों ने हर साल औसतन साढ़े चार लाख करोड़ रुपए के कर पेट्रोल व डीजल पर लगाए हैं। यातायात में उपयोग होने के कारण तेल की कीमत बढऩे से सभी चीजें महंगी हो जाती हैं। ऐसे समय में जब दैनिक उपभोग की वस्तुओं की महंगाई आसमान छू रही हैं केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी कर दी। प्रदर्शन में डॉ. सीडी शर्मा, डॉ. सुनीता त्यागी, इन्दिरावती, बीरमती, रमेश सैनी, रघुबीर विरोधिया, मदन अत्रि, सेवाराम, डॉ. राजीव बुटाना, जगमेन्द्र, बलवान गंगेसर, सतपाल शामिल रहे।

haribhoomi.com
हरिभूमि बालभूमि
रोहतक ,शुक्रवार
11 अप्रैल 2025
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।

जब नहीं पीने दिया गया पानीः बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

संविधान में दिया समानता का अधिकारः जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

लें यह संकल्पः बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

मावलिननॉन्ग नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *

जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'

भारत में गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज

डोंग गांव को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी

पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

फसल तैयार होने की खुशीः बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

खालसा पंथ की हुई स्थापनाः बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

हर प्रांत में अलग नामः बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता केश लगाकर आगे बढ़ता।
2. कान है पर सुन नहीं सकता पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।
3. हाथ है पर करता नहीं काम रस है पर पीता नहीं श्याम।
4. हरि है पर नहीं है देवता द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *

किताबः दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

कविता / करुणा पांडे

गूगल दादा

गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।

मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

श्याम का गांव

श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।



उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन है?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?

बच्चो, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-148 का उत्तर : 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले : साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

खबर संक्षेप

घर के सामने से ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र की लांडा कॉलोनी में घर के बाहर से ई-रिक्शा के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बिहार हाल में लांडा कॉलोनी निवासी आंदन कुमार ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजर-बसर करते है। वह दिनभर रिक्शा चलाकर शाम को घर लौटे तो ई-रिक्शा को घर के बाहर गली में खड़ा कर दिया। सुबह करीब साढ़े चार बजे उठ कर बाहर आए तो ई-रिक्शा वहां नहीं मिली। रात को ई-रिक्शा को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

नप शौचालयों में चोरों ने लगाई सेंध

गोहाना। नगर परिषद (नप) द्वारा ड्रेन आठ के निकट बनाए गए नए सार्वजनिक शौचालय में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर यहां से पीपल की टोंटियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव भैंसवाल कलां की पूनम शौचालय की देखभाल करती है। उसने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार शाम को शौचालय को बंद करके घर गई थी। अगले दिन सुबह आई तो दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। चोर यहां से 15-20 पीतल की टोंटियां चोरी कर ले गए।

गोहाना में निकलेगी भव्य शोभायात्रा 14 को

गोहाना। गुरु रविदास शिक्षण व सामाजिक उत्थान समिति के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर गोहाना में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार को सेक्टर 7 स्थित समिति के कार्यालय में शोभायात्रा की तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रतिनिधि रामफल नरवाल ने की। उनके अनुसार शोभायात्रा के प्रचार व प्रसार के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें गांवों व शहर में प्रचार कर रही हैं। शोभायात्रा सेक्टर 7 स्थित समिति के कार्यालय से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। तैयारी बैठक में राजवीर सिंघल, प्राचार्य सुरेश नरवाल, नगर पार्षद जगदीश राय मदीना, रामनारायण खानपुर, वेदप्रकाश गिरोह, सेवानिवृत्त एसएचओ शीलकराम, मास्टर निरंजन, जयभगवान सिंघल व जयभगवान घिलौड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जरूरतमंद की शादी में किया सहयोग

सोनीपत। जरूरतमंद कन्या की शादी में सहायता इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने वीरवार को सपेरा बस्ती की जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आवश्यक सामग्री 15 जोड़े कपड़े, 51 बर्तन प्रेशर कुकर, मिक्सी, 2 कंबल, बेडशीट्स, गद्दे, 2 फोल्डिंग बेड, ज्वैलरी सैटर, राशन, मशीन, पंखा और 7500 रुपये नगद धन राशि प्रदान की। उपप्रधान उषा भंडारी ने बताया कि इस कार्य में अमरीका के डॉ. नरेश कपूर ने विशेष तौर पर सहयोग दिया। इस अवसर पर क्लब प्रधान नीतू दहिया के साथ मंजू छिक्कारा, स्नेह लता, निर्मला शर्मा, इंदु भौरिया, आराधना रंजू, रोशनी हूडा, सुमन, संतोष अरोड़ा, हरीश जौहर आदि मौजूद रहे।

गौचारण भूमि पर अवैध खनन करने का आरोप

सोनीपत। यमुना नदी से रेत का अवैध कारोबार करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने डीजीपी हरियाणा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत भेजी है। शिकायत में गांव की पंचायती जमीन गौ-चरान भूमि पर मशीनों से अवैध खनन करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में पीड़ित ने सूचना के बाद पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने व खनन कारोबारियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। हालांकि मामले में थाना प्रभारी ने लगाएं आरोपों को निराधार बताया है।गांव मेंहदीपुर निवासी सत्यवान ने बताया कि गत 8 अप्रैल को वह अपने खेत में काम करने के लिए गया था। वहां जाकर देखा तो गांव की पंचायती जमीन जोकि गौ-चरान की भूमि है।

जिला शिक्षा अधिकारी को मिली थी शिकायत

गांव कुराड़ में खुला मिला प्राइवेट स्कूल बीईओ टीम ने करवाई छुट्टी

अवकाश था, आज कार्यालय खुलने पर नोटिस देकर मांगा जाएगा जवाब : बीईओ

हरिभूमि ⏭ गन्नौर



गन्नौर। प्राइवेट स्कूलों के व्हाट्सएप ग्रुप में डाला बीईओ का आदेश व बीईओ की टीम जाने के बाद छुट्टी होने पर स्कूल से घर जाते बच्चे । फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद गन्नौर में महावीर जयंती पर कई निजी स्कूल खुले रहे। वही कुराड गांव में जिला शिक्षा अधिकारी को गीता हाई स्कूल खुले होने की शिकायत मिली, जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने गन्नौर के खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की टीम स्कूल में पहुंची और स्कूल की छुट्टी करवाई । खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी । गीता स्कूल के संचालक से इस बारे में बात करने का प्रयास किया तो उनसे बात नहीं हो पाई। प्रशासन ने पहले ही आदेश जारी कर रखे है कि सरकारी छुट्टी पर यदि कोई स्कूल खुला पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन इसके बावजूद कई स्कूलों ने इन निर्देशों की अनदेखी की। वही सरकारी अवकाश पर स्कूलों द्वारा छुट्टी न करने पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सख्त कार्रवाई करने की भी बात कही है। वीरवार को भी महावीर जयंती पर सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश जारी थे। लेकिन एक बार फिर सरकार और प्रशासन के नियमों को दरकिनार करके निजी स्कूल खुले हुए थे। इसका कारण माना जा रहा है कि प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। जिसके चलते बार-बार स्कूल संचालक मनमानी करते हैं। इन स्कूलों के खिलाफ शिकायतें शिक्षा विभाग के अधिकारी भी केवल चेतावनी देकर मामला रफा-दफा कर देते है।

आज स्कूल को नोटिस दिया जाएगा: दहिया

खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के पास स्कूल खुले होने की शिकायत मिली थी उसके बाद उन्हें जांच के आदेश दिए। स्कूल में टीम को भिजवाकर बच्चों की छुट्टी तो कर दी थी लेकिन आज कार्यालय का अवकाश होने के कारण स्कूल को नोटिस नहीं दिया गया। कल स्कूल को कार्रवाई करते हुए एक नोटिस जारी किया जाएगा ।

प्रशासन, शिक्षा विभाग की लापरवाही या मिलीभगत

प्रशासन के आदेशों के बावजूद स्कूलों का खुले रहना कई सवाल खड़े करता है। क्या प्रशासन व शिक्षा विभाग इस मामले में गंभीर है, या फिर यह मिलीभगत का नतीजा है? अब देखना होगा कि सरकार और प्रशासन इस पर क्या कदम उठाते हैं।

बीईओ के आदेशों की अवहेलना

शिकायत मिलने के बाद डीईओ से आदेश प्राप्त होने पर प्राइवेट स्कूलों के व्हाट्सएप ग्रुप में लिखित में आदेश दिए की आज राजकीय अवकाश है अगर कोई प्राइवेट स्कूल खुला मिला तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गोहाना। गोष्ठी में विचारविमर्श करते विद्यालयों के मुखिया। फोटो : हरिभूमि

ड्रॉप आउट बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाएं: जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

- खंड स्तरीय सीआरसी की शैक्षणिक विचार विमर्श संगोष्ठी का हुआ समापन

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदीना में कथूरा खंड की सीआरसी के अन्तर्गत सभी विद्यालयों की शैक्षणिक विचारविमर्श संगोष्ठी का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ एवं खंड समन्वयक अधिकारी राजेंद्र सांगवान ने की। संयोजन विद्यालय के प्राचार्य एवं क्लस्टर प्रमुख पंकज कौशिक ने किया।

संस्कृत प्रवक्ता सतनारायण वशिष्ठ के अनुसार संगोष्ठी में कलस्टर के सभी विद्यालयों से अध्यापकों एवं मुखियाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ ने एसएमसी व ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ ड्रॉप आउट छात्रों के लिए सीधा संवाद किया और उनसे आह्वान किया कि वह अपने गांव में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की सूचना विद्यालयों में प्रेषित करें। उन्होंने अध्यापकों को भी निर्देश दिया कि विद्यालय के सभी अध्यापक व्यक्तिगत रूप से दो-तीन विद्यार्थियों का विद्यालय में नामांकन करवाना सुनिश्चित करें और साथ-साथ अध्यापकों को आश्वस्त किया कि आपके सामने प्रवेश संबंधी कोई भी समस्या आती है तो हम तुरंत समाधान करेंगे। उन्होंने विद्यालय मुखियाओं को आदेश दिया की प्रत्येक विद्यालय में बच्चों के लिए पौष्टिक आहार, पेयजल की सुविधा, पंखों की सुविधा व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और सत्र के प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को पढ़ाकर उनका भविष्य उज्ज्वल करें। इस अवसर पर शिक्षक पंकज कौशिक, जितेंद्र नरवाल, ज्योति, मंजू, एसएमसी व ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सनातन धर्म मंदिर में कल धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान उत्सव

- भक्तिमय माहौल में सभी श्रद्धालु भावविभोर होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हनुमान उत्सव के पावन अवसर पर 12 अप्रैल को सनातन धर्म मंदिर (हनुमान मंदिर), मॉडल टाउन, सोनीपत में एक भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी, जिसके पश्चात हनुमान के भजन और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। भक्तिमय माहौल में सभी श्रद्धालु भावविभोर होंगे। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया जाएगा।

सोनीपत। हनुमान मंदिर का फाइल फोटो।

समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक वीरवार को खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयभगवान मलिक ने की। बैठक में किसानों व जनहित की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और समाधान की मांग उठाई गई। किसानों ने बताया कि पुगथला अनाज मंडी में बिजली, पानी व शौचालय की समस्या बनी हुई है। जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने खरीदी जा चुकी फसल का उठान भी साथ साथ उठाये जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि गन्नौर पानी सप्लाई की लाइन जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दबाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा गलियों को उखाड़ कर छोड़ दिया जा रहा है। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा राजलूगढ़ी से भोगीपुर की तरफ जा रही सड़क पर पुरानी टाइल लगाई जा रही हैं, जिसकी जांच की जानी चाहिए।

गन्नौर। यूनियन की मासिक बैठक में उपस्थित किसान नेता।

गन्नौर। योग शिविर में योगासन का अभ्यास करते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

योग को अपनाने का संकल्प लिया

गन्नौर। रेलवे पार्क गन्नौर में 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कुल 48 लोगों ने भाग लिया। अजीत ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से जीवन सुखी, सुंदर और शरीर लचीला बनता है। आचार्य छबील दास ने संस्था का परिचय देते हुए प्रार्थना और शांति पाठ कराया। प्रतिभागियों ने दैनिक योग को अपनाने का संकल्प लिया।

245 मरीजों का परीक्षण कर फ्री होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कार्यक्रम में पहुंचें अरुण बंसल का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आयुष विभाग, सोनीपत द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर कम्युनिटी सेंटर, देव नगर, ककरोई रोड, सोनीपत में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन तो विशिष्ट अतिथि शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण बंसल, तथा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन रविन्द्र दिलावर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राम अवतार सिंह, जिला आयुर्वेद अधिकारी, सोनीपत द्वारा की । शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लगभग 245 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की गईं।

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ।

मीडिया के सामाजिक अभियानों को सांझा किया

रोहतक। संवेदी समाज समय की जरुरत है ।सामाजिक जागरूकता पैदा करने, महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी सामुदायिक सहभागिता को सुगम बनाने तथा लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज कार्य पेशेवरों को लोगों तक कनेक्ट के लिए विभिन्न मीडिया उपकरणों और प्लेटफार्मों का उपयोग करना चाहिए। यह उद्गार प्रतिष्ठित मीडिया विशेषज्ञ और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (खानपुर कलां) के समाज कार्य विभाग द्वारा 'समाज कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुद्दे' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर आमंत्रित वक्ता व्यक्त किए।

छात्रों ने लिया इसरो कार्यशाला में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत। कार्यशाला में पहुंचें गेटवे के छात्र। फोटो :हरिभूमि

गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों ने इसरो-एकेडेमिया कनेक्ट फॉर नॉर्थेर्न रीजन एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया, जो नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कुरुक्षेत्र के सीनेट हॉल में आयोजित हुई। यह कार्यशाला इसरो और एनआईटी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसका विषय था नेक्स्ट जेनरेशन ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशंस। कार्यशाला का उद्देश्य इसरो और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना तथा अनुसंधान और नवाचार को राष्ट्रीय हित में आगे बढ़ाना था। इस अवसर पर डॉ. वी नारायणन (अध्यक्ष इसरो), एम गणेश पिलई (वैज्ञानिक सचिव, इसरो), जी हरिकृष्णन (निदेशक, इसरो), डॉ. एमए पॉल (सहायक निदेशक, इसरो) और प्रो. बीवी रम्मन रेड्डी (निदेशक, एनआईटी कुरुक्षेत्र) जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। गेटवे एजुकेशन की ओर से डॉ. जोगिंदर (असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ एप्लाइड साइंसेज) और आशीष अग्रवाल (प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, बीटेक सीएसई) छात्रों के साथ कार्यशाला में सम्मिलित हुए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए तकनीकी सत्रों, विशेषज्ञ व्याख्यानों और इसरो वैज्ञानिकों के साथ संवाद में भाग लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

एक देश एक चुनाव अभियान संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7)में एक देश एक चुनाव अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भाजपा नेता एवं मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। निर्देशक दीपक ने उनका बुके देकर अभिनंदन किया। राजीव जैन ने एक देश एक चुनाव के विषय पर प्रकाश डालते कहा की इस को लाकर बहुत भारी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग होने से रोका जा सकता है। इससे धन व समय दोनों की अथाह बचत होगी। भाजपा के मजबूत स्तंभ व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेन्द्र भारती ने देश की प्रगति के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिये प्रोत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा भी इस संगोष्ठी के सक्रिय भागीदार रहे। बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक , एमसी मुकेश सैनी, राजेश , सुनीता लोहचब, संजय सिंगला और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए।

राहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई बुलंदियां छू रहा

खेवड़ा में 5 करोड़ की लागत से पूरी हुई टेंडर प्रक्रिया, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य : कृष्णा

- विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हल्का में सडक़ों की मरम्मत व चौड़ीकरण के लिए मंजूर कराए 4 .50 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

राई। विधायक कृष्णा गहलावत को विकास की नई सौगात दिलाने के लिए आभार व्यक्त हल्के के गणमान्य लोग । फोटो : हरिभूमि

राई हल्का की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास की नई बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकास की इस गौरव गाथा में राई हल्का भी पीछे नहीं है। विधायक कृष्णा गहलावत से लोगों ने कार्यालय में मुलाकात करते हुए राई हल्का को विकास की नई सौगात दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राई हल्का में मुरथल से बख्तावरपुर व गढ़ी बख्तावरपुर से यमुना बांध सडक़ों की मरम्मत व चौडीकरण के लिए सरकार से लगभग 4.50 करोड़ रूपए मंजूर करवाएं हैं, जिससे क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी और यातायात सुविधा सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि गांव खेवड़ा में लगभग 5 करोड़ रूपए की लागत से आईटीआई निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा शीघ्र ही इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में राई हल्का विकास की राह पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं जसपाल आंतिल, नरेन्द्र वर्मा खेवड़ा, शोवेंदर (ढीला) खेवड़ा, मोनू आंतिल, शेखर आंतिल मंडल अध्यक्ष, दीपांशु बिंद्रोली, मनीष आंतिल, संजीत सबोली, अजीत बख्तावरपुर, तीर्थ गढ़ी, सुनील उर्फ शीलू मेहन्दीपुर, अमरजीत मेहन्दीपुर, शीला छतेरा, ओमप्रकाश गढ़ी बाला, विक्रांत चौहान, अमित नाहरा, सत्यनारायण मास्टर जी, अनिल आंतिल, जेपी रेवली, नीरज रेवली, सत्येंद्र आदि मौजूद रहे।

सोनीपत। नगर कीर्तन का स्वागत करते विधायक। फोटो :हरिभूमि

नगर कीर्तन का विधायक ने किया स्वागत

सोनीपत। बैसाखी एवं खालसा पंथ साजना दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा कलगीधर साहिब मॉडल टाऊन द्वारा शहर में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का विधायक निखिल मदान के सेक्टर 14 कार्यालय के सामने पहुंचने पर विधायक द्वारा भव्य स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने पंजप्यारों को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही पालकी साहिब में विराजमान पवित्र गुरु ग्रन्थ साहिब को भी नमन किया। इस अवसर पर निखिल मदान ने कहा कि बैसाखी का पर्व फसलों के पकने और हर्षोल्लास का पर्व है। सिखों के दसवें गुरु दशमेश श्री गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोविंद सिंह ने हिंदू धर्म को बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया ऐसे गुरु को वह नमन करते हैं।

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री 14 को देंगे बड़ी सौगातें: विधायक

राई। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार और यमुनानगर में हरियाणा प्रदेश को दो नए प्रोजेक्ट की सौगात देने पहुंचेंगे। उन्होंने हल्का के कार्यकर्ताओं व आमजन से आह्वान किया कि वे प्रदेश के जिला हिसार और यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें और उनका उत्साह बढ़ाएं। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों का निमंत्रण देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के प्रयास से यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास पीएम द्वारा किया जाएगा।

शहर के ठेका सफाई कर्मचारियों ने विधायक से न्याय की लगाई गुहार

कर्मचारी बोले-18 दिन से धरना दे रहे, सुनने वाला कोई नहीं,12 महीने से परेशान

- न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये लागू करने की मांग भी दोहराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत। विधायक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

सीटू से संबद्ध शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों का आंदोलन आज 18वें दिन भी जारी रहा। महावीर जयंती के अवसर पर भी कर्मचारियों ने स्थानीय विधायक से न्याय की गुहार लगाई। आंदोलनकारी सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन और पीसीसी कंपनी पर बदले की भावना से कार्यवाही करने का आरोप लगाया, जिसे वे 12 महीने से झेल रहे हैं।

धरने की अध्यक्षता यूनियन के उपप्रधान दीपक ने की और संचालन यूनियन कार्यकारिणी सदस्य देवराज टॉक ने किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रधान अजय कुमार टॉक, कोषाध्यक्ष पवन बोहत, जिला सीटू उपप्रधान नवीन चावरिया सहित कई पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

नेताओं ने कहा कि 12 महीने पूर्व हटाए गए कर्मचारियों को वेतन सहित पुनः कार्य पर बहाल किया जाए। उन्होंने मांग की कि सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन, सफाई के औजार, पीएफ, ईएसआई और वेलफेयर फंड की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। रुके हुए वेतन और बकाया करोड़ों रुपये का एरियर भी शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने ठेका प्रथा को समाप्त करने, चारों लेबर कोड बिल रद्द करने, सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने और न्यूनतम वेतन 26,000 लागू करने की मांग भी दोहराई। यूनियन ने वर्ष 2018 में हरियाणा सरकार द्वारा किए गए समझौते का हवाला देते हुए मांग की कि जारी पत्र के अनुसार ठेका सफाई कर्मचारियों को निगम की पेरोल पर लिया जाए।

ये रहे मौजूद

धरने में रंजीत, अमित, रविंद्र, राहुल, सुमित, सुरेंद्र, अजय, साहिल सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर जयंती

सोनीपत। भगवान महावीर जयंती के मौके पर रथयात्रा में शामिल हुए मेयर, पूर्व मंत्री एवं अन्य।

- जैन मंदिरों में सुबह भगवान की शांति धारा के बाद पालकी यात्रा निकाली
- मेयर राजीव जैन ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भगवान महावीर जयंती का पर्व धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन मंदिरों में सुबह भगवान की शांति धारा के बाद पालकी यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे नगर निगम मेयर राजीव जैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने सेक्टर 15 में झंडी दिखाकर पालकी यात्रा का शुभारम्भ करने के बाद कहा कि सफल एवं सार्थक जीवन के लिए भगवान महावीर सी गुणवत्ता जन-जन में स्थापित करने और महावीर को जीवन का हिस्सा बनाने और उसमे ढलने का प्रयास करें।

जैन ने आगे कहा कि कोरोना काल में ब्रिटेन की संसद में करोना से मुक्ति के लिए नवकार मन्त्र का जाप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवकार मन्त्र दिवस के अवसर पर दिया गया सन्देश पानी बचाने, एक पेड़ माँ के नाम लगाने, स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल, देश दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवन शैली, योग एवं खेल जीवन में लेन तथा गरीबों की सहायता के नौ संकल्प हमें जीवन में अपनाने होंगे। यही भगवान महावीर के जन्म कल्याणक मानाने की सार्थकता है।

प्रापर्टी डीलर को गाड़ी से कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पत्नी व उसके कथित प्रेमी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप
- घायल डीलर का उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा

सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत में प्रापर्टी डीलर को गाड़ी से कुचलने व उसके गुप्तांग पर गाड़ी चढ़ाकर घायल करने सहित धमकी देने के आरोप का मामला आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर अपनी पत्नी व उसके कथित प्रेमी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। घायल डीलर का उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर निवासी एक बुजुर्ग ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ सेक्टर में ही अलग रहती है। जबकि 22 वर्षीय बेटा कनाडा में पढ़ाई करता है। पीड़ित का कहना है कि 3-4 महीने पहले उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी का देवडू रोड स्थित शिव कॉलोनी के रहने वाले एक प्रापर्टी डीलर से संबंध है। वह 6 अप्रैल को उससे बातचीत करने के लिए गया था। बातचीत के बाद जब वह वहां से जाने लगे तो आरोपित ने उनका रास्ता रोक लिया। उसने जान से मारने की नीयत से तेजधार हथियार से गर्दन पर वार कर दिया। लात-घूंसों से भी उसे पीटा। जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया।

उसके बाद पेट और गुप्तांग पर गाड़ी चढ़ा दी। उसने गाड़ी से सिर पर भी टक्कर मारी। जिसके चलते वह बेसुध हो गया। आरोपित उसे मरा समझ कर कार लेकर भाग गया। उसे होश आया तो मामले की जानकारी अपने भाई और मां को दी। जिसके बाद वह उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित पहले से ही उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

भगवान महावीर स्वामी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला

गन्नौर। मुख्य अतिथि डिंपी मल्होत्रा और अंकित मल्होत्रा को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक।

गन्नौर। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर वीरवार को जैन मंदिर गन्नौर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को सुंदर रूप से सजाया गया और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में डिंपी मल्होत्रा और अंकित मल्होत्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। मंच संचालन की जिम्मेदारी अनिल जैन ने बखूबी निभाई। इस मौके पर भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला गया तथा श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक झांकियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने भगवान महावीर के अहिंसा और सत्य के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

पुलिस ने मादक पदार्थ सहित आरोपित को किया गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी को 29.11 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ब्रजेश निवासी गांव मुरथल का है। पुलिस ने आरोपित को नांगल खुर्द स्थित टीडीआई एस्पेनिया से गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

देवेन्द्र शर्मा भारतीय कुश्ती संघ के चेयरमैन नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- डब्ल्यूएफआई में दिसंबर 2022 से ज्वाइंट सचिव के पद पर नियुक्त थे
- गांव मदीना के निवासी हैं देवेन्द्र शर्मा

भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के नए चेयरमैन देवेंद्र शर्मा होंगे। वे गोहाना के गांव मदीना के निवासी हैं। शर्मा के इस पद नियुक्त होने से अबन केवल गोहाना क्षेत्र अपितु पूरे हरियाणा प्रदेश का देश में मान बढ़ा है।

देवेन्द्र शर्मा डब्ल्यूएफआई में दिसंबर 2022 से ज्वाइंट सचिव के पद पर नियुक्त थे। अब उनको संघ में चेयरमैन का पद सौंपा गया है। उनकी इस नियुक्ति से गांव मदीना सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नवनियुक्त चेयरमैन ने कहा कि कुश्ती का इतिहास बहुत प्राचीन है। इसका अस्तित्व करीब 7 हजार वर्ष ईसा पूर्व से अस्तित्व में है। देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य कुश्ती की इस प्राचीन विरासत को संभाल कर रखते हुए कुश्ती को बढ़ावा देना है। कुश्ती में कॅरियर निर्माण की काफी संभावनाएं हैं। युवा कुश्ती में बढ़ चढक़र भाग लें और विश्व पटल पर अपना व अपने देश का नाम रोशन करें। इस दिशा में डब्ल्यूएफआई द्वारा नई नीतियों का निर्माण किया जाएगा ताकि कुश्ती खेल को और अधिक मजबूती मिल सके।

एक देश एक चुनाव अभियान पर संगोष्ठी मेयर बोले- देश के संसाधनों की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन का स्वागत करते लोग।

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7)में एक देश एक चुनाव अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भाजपा नेता राजीव जैन बतौर मुख्य अतिथि रहे। निर्देशक दीपक ने उनका बुके देकर अभिनंदन किया। राजीव जैन ने एक देश एक चुनाव के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा की इस को लाकर बहुत भारी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग होने से रोका जा सकता है। इससे धन व समय दोनों की अथाह बचत होगी।

भाजपा के मजबूत स्तंभ व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेन्द्र भारती ने देश की प्रगति के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिये प्रोत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा भी इस संगोष्ठी के सक्रिय भागीदार रहे। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, एमसी मुकेश सैनी, राजेश दहिया, सुनीता लोहचब, संजय सिंगला और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी समापन पर निर्देशक ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर शिविर लगा

सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे अरुण बंसल का स्वागत करते पदाधिकारी।

सोनीपत। आयुष विभाग, सोनीपत द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर कम्युनिटी सेंटर, देव नगर, ककरोई रोड, सोनीपत में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन तो विशिष्ट अतिथि शिवा शिक्षा सदन के निदेशक अरुण बंसल, तथा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन रविन्द्र दिलावर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राम अवतार सिंह, जिला आयुर्वेद अधिकारी, सोनीपत द्वारा की गई। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लगभग 245 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की गईं। पाचन तंत्र, त्वचा रोग, हड्डियों की समस्याएं, महिलाओं व बच्चों के रोग जैसे अनेक विषयों पर परामर्श दिया गया। शिविर में भीम सिंह प्रधान अंबेडकर सभा, विनोद नरवाल, रिटायर्ड हेडमास्टर व समाजसेवी बिजेन्द्र सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, बसंत चहल, ने बताया कि हमें समाज के उत्थान के प्रति कार्य करने चाहिए। डॉ. राम अवतार सिंह ने कहा कि होम्योपैथी एक प्रभावी, सुरक्षित और किफायती चिकित्सा प्रणाली है। इस अवसर पर पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय व डॉ. बलविंदर द्वारा आमजन को जीवन शैली के बारे में जानकारी दी। डॉ. अंजू, डॉ. बीरमती, डॉ. अल्पना, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम, डॉ. रुचिता, डॉ. तेजेंद्र खोखर ने रोगियों का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

एसबीआई के सीनियर एसोसिएट पर लाखों रुपये की राशि गबन करने का आरोप

चालान की रेलवे कर्मचारी को थमा दी फर्जी पर्ची, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- बैंक के मुख्य प्रबंधक ने बताया उनकी शाख में वेस्ट रामनगर का हिमांशु सीनियर एसोसिएट है
- थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही, जल्द गिरफ्तार करेंगे

शहर थाना क्षेत्र के रोहतक रोड स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई) की मुख्य शाखा में कार्यरत एक सीनियर एसोसिएट के लाखों रुपयों की धोखाधड़ी कर राशि को गबन करने के आरोप का मामला सामने आया है। बैंक के मुख्य प्रबंधक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ये था मामला

बैंक के मुख्य प्रबंधक मृत्युंजय सिन्हा ने बताया कि उनकी शाख में वेस्ट रामनगर का हिमांशु सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। उनका कहना है कि 4 नवंबर, 2024 को रेलवे विभाग के प्रतिनिधि कमल बैंक में रेलवे का 9,11,896 रुपये का चालान जमा कराने आए थे। उन्होंने यह राशि नकद हिमांशु को सौंपी। जो उस समय सरकारी बिजनेस एवं चेक क्लियरेंस के काउंटर पर तैनात था। आरोप है कि हिमांशु ने वह नकदी अपनी दराज में रखने के बाद अपने किसी परिचित को फोन कर बुलाया और उसे वह राशि दे दी। इसके बाद हिमांशु ने बैंक की मोहर लगी एक फर्जी रसीद तैयार कर रेलवे के प्रतिनिधि को सौंप दी। उसने असली चालान अपनी दराज में छिपा लिया। यह घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है।

बैंक से अनुपस्थित चल रहा कर्मचारी

इसके बाद 20 मार्च, 2025 से हिमांशु बिना किसी छुट्टी की मंजूरी के अनुपस्थित चल रहा है। बाद में, जब दूसरे कर्मचारी ने उसकी दराज में पुराना चालान देखा और जांच की गई तो गबन का पता चला। क्योंकि चालान की राशि रेलवे के खाते में जमा नहीं हुई थी। पूछताछ में हिमांशु ने स्वीकार किया कि उसने चालान का पैसा जमा नहीं करवाया है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सनातन धर्म मंदिर में मनेगा हनुमान उत्सव

सोनीपत। हनुमान उत्सव के पावन अवसर पर 12 अप्रैल को सनातन धर्म मंदिर (हनुमान मंदिर), मॉडल टाउन, सोनीपत में एक भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी, जिसके पश्चात हनुमान के भजन और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। भक्तिमय माहौल में सभी श्रद्धालु भावविभोर होंगे। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया जाएगा।